बरेली, सोमवार
13 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

एमडीसीए ने आइके नेक्स्ट को हराकर जीती ट्राफी

पहले खेलते हुए आइके नेक्स्ट ने 20 ओवर में बनाए 155 रन एमसीडीए ने चार विकेट खोकर जीता मुकाबला

एसआरएमएस स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता के बाद जीत का जश्न मनाते खिलाड़ी • सौ. आयोजक

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन
- प्लेयर आफ द टूर्नामेंट को 11 हजार, बेस्ट बैट्समैन व बालर को 5100- 5100 रुपये मिले

जासं, बरेली: मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) ने आइके नेक्स्ट जनरेशन को छह विकेट से पराजित कर श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। रविवार रात हुए फाइनल मैच में आइके नेक्स्ट जनरेशन की ओर से मिले लक्ष्य 155 रन को एमसीडीए ने 15.4 ओवर में सिर्फ चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर विजेता बनी। फाइनल मैच में 35 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रन बनाने वाले एमडीसीए के बल्लेबाज ऋतुराज शर्मा को मैन आफ द मैच चुना गया।

टूर्नामेंट में 233.11 की स्ट्राइक रेट से चार अर्धशतकों के साथ 345 रन बनाने के साथ एक विकेट लेने वाले ऋतुराज शर्मा को ही टूर्नामेंट का बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया। टूर्नामेंट के पांच मैच में 10 विकेट लेने वाले एमडीसीए के गेंदबाज अंकुर शर्मा बेस्ट बालर आफ द टूर्नामेंट और टूर्नामेंट की पांच इनिंग में एक शतक और एक अर्धशतक के साथ 271 रन बनाने वाले एमडीसीए के हर्ष त्यागी को बेस्ट बैट्समैन आफ द टूर्नामेंट बने।

विजेता हुए सम्मानित: टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अविनाश सिंह, विशिष्ट अतिथि पीएनबी के सर्किल हेड रंजीत चौधरी, ब्रांच मैनेजर अंकित भारद्वाज, एलआइसी के मैनेजर पीसी बिष्ट, ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार, मैनेजर कौशल ज्योति, स्वस्तिक मार्बल के निखिल अग्रवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट सलाहकार सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता ने विजेता टीम एमडीसीए को दो लाख रुपये के साथ चैंपियन ट्राफी प्रदान की। उप विजेता टीम को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। प्लेयर आफ द टूर्नामेंट को 11 हजार रुपये, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बालर को भी 5100- 5100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विनय खंडेलवाल, राजेश गुप्ता, दीपेंद्र कमथान, सीईटी प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. शैलेश सक्सेना, मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डा.जसप्रीत कौर, आयोजन समिति के सचिव डा. नितिन सक्सेना, डा. आशीष सक्सेना आदि मौजूद रहे।